प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 22.03.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में इंवेस्टर्स मीट कार्यक्रम को किया संबोधित : कहा– प्रदेश को नइ ऊंचाईयों पर ले जायेगा लखनऊ–हरदोई सीमा पर प्रस्तावित मेगा टेक्सटाइल अपैरल पार्क।
2. मुख्यमंत्री ने वस्त्र उद्योग में निवेश करने वाले 80 निवेशकों को वितरित की 210 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि : 700 करोड़ रुपये के दो एमओयू पर किये गये हस्ताक्षर।
3. केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने गोरखपुर में नये खाद्यान भंडार गृह का किया उद्घाटन : कहा– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से कर रहा है प्रगति।

और

4. आईपीएल का 18वां संस्करण कोलकाता के ईडन गार्डन्स में आज से होगा शुरू : कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के बीच होगा पहला मुकाबला।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ में पीएम मित्र योजना के तहत लखनऊ–हरदोई सीमा पर एक हजार एकड़ में प्रस्तावित मेगा टेक्सटाइल और अपैरल पार्क की स्थापना के लिये इंवेस्टर्स मीट कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पार्क उत्तर प्रदेश

को टेक्सटाइल हब के रूप में स्थापित करेगा और रोजगार के नये अवसर सृजित करेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वस्त्र उद्योग में निवेश करने वाले 80 निवेशकों को 210 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित की। इस अवसर पर पीएम मित्र पार्क के लिये सात सौ करोड़ रुपये के दो एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश वस्त्र उत्पादन में 13 प्रतिशत योगदान के साथ देश में तीसरे स्थान पर है। बाइट.....

*वस्त्र उत्पादन में 13 फीसदी योगदान के साथ देश के अंदर तीसरे स्थान पर उत्तर प्रदेश है ओर वर्तमान में इसके माध्यम से रोजगार भी प्रदान कर रहे है। प्रदेश ने तमाम अन्य संस्थान भी खड़े किये है। खासतौर पर एनआईएफटी रायबरेली, टेक्सटाइलस टेक्नोलॉजी इंडस्ट्रीज कानपुर इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ भारत टेक्नोलाजी वाराणसी सभी इंस्टीट्यूट भी हमारे आगे बढ़े है जिन 80 निवेशकों ने यहां पे अपना निवेश उत्तर प्रदेश के अंदर किया है ऐसे 80 इकाइयों को हम लोगों ने 210 करोड़ रुपये का भी इंसेटिव उन्हें प्रदान किया है।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ के टेक्सटाइल पार्क के साथ–साथ प्रदेश में अन्य स्थानों पर 10 नये और टेक्सटाइल पार्क बनाये जायेंगे। बाइट.....

*सरकार ने तय किया है कि उत्तर प्रदेश के अंदर यह केवल लखनऊ में यह इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क नहीं बनेगा बल्कि इसके बाद इको एक्सटेंशन सेंटर के रूप में 10 नये पार्क राज्य सरकार अपने स्तर से उत्तर प्रदेश के अंदर अलग–अलग स्थानों पर स्थापित करेगी। टेक्सटाइल के साथ–साथ लेदर के भी जो नये कलस्टर विकसित हो सकते है दो नये लेदर पार्क संत रविदास के नाम पर हम उत्तर प्रदेश के अंदर इसके साथ ही*

*विकसित करने जा रहे हैं। पानी में उत्तर प्रदेश की संभावनाओं को आगे बढ़ाता है और इन कार्यक्रमों को हम आगे बढ़ाने के लिये पूरी तरीके से इन कार्यक्रमों के साथ जुड़े है।*

————————

केन्दीय उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी ने आज गोरखपुर के गीडा सेक्टर 26 में बने नए खाद्यान्न भंडार गृह का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वेयर हाउसिंग बिजनेस देश में तेजी से विकसित हो रहा है। उन्होंने कहा कि भारत प्रधानमंत्री के नेतृत्व में तेजी से आर्थिक प्रगति कर रहा है। बाइट.....

*वेयर हाउसिंग बिजनेस जो है देश में यह बहुत ही फास्ट ग्रोइंग इकोनॉकी है बिजनेस है और कारण यही है कि भारत मोदी जी के नेतृव में बहुत तेजी से आर्थिक प्रगति भारत में हो रहा है। भारत एक फास्टेस्ट ग्रोइंग इकोनामी ऑफ द वर्ल्ड है मैन्यूफैक्चरिंग ज्यादा हो रहा है और हमारा एग्रीकलचरल प्रोडक्ट है उसका प्रोडक्शन भी ज्यादा हो रहा है ओर इसका एक्सपोर्ट वगैरह बहुत ही ज्यादा हो रहा है इसके कारण लॉजिस्टिक व्यवस्था में एक बहुत अहम पहल है ये हामरा वेयर हाउसिंग।*

————————

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई ने वर्ष 2011 से 2014 के बीच नोएडा स्पोट्‌र्स सिटी परियोजना के आवंटन, विकास और मंजूरी में अनियमितताओं के आरोपों के संबंध में दिल्ली और नोएडा में कई स्थाना की तलाशी ली है। सूत्रों के अनुसार इस संबंध में सीबीआई ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्देश पर विभिन्न कंपनियों, उनके निदेशकों

और अज्ञात लोक सेवकों के खिलाफ तीन मामले दर्ज किए हैं।

तलाशी के दौरान, एजेंसी ने आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल साक्ष्य और अन्य सामग्री बरामद की है।

—————————

डिजिटल एग्री मिशन के अंतर्गत देश के हर किसान को एक डिजिटल पहचान पत्र प्रदान किया जाएगा। कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लोकसभा में वर्ष दो हजार पचीस छब्बीस के लिएकृषि मंत्रालय की अनुदान मांगों पर चर्चा का उत्तर देते हुए कल यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस पहल से किसान विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। श्री चौहान ने कहा कि कृषि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसानों का कल्याण सरकार की प्राथमिकता है।

—————————

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने आज गोरखपुर में तारा मंडल स्थित सर्किट हाउस में बिहार दिवस पर प्रेस वार्ता की। श्री राय ने कहा कि बिहार में मां सीता माता का भव्य मंदिर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीता मां से बिहार और उत्तर प्रदेश का सदियों से नाता रहा है।

—————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

केन्द्रीय सहकारिता मंत्रालय के सचिव डॉ0 आशीष कुमार भूटानी ने आज लखनऊ स्थित सहकारिता भवन में सहकारिता से संबंधित योजनाओं और कार्यो की समीक्षा की। बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री भूटानी ने सहकारी समितियों को आत्मनिर्भर बनाने क लिए तकनीक और संसाधनो के प्रयोग पर जोर दिया। बाइट.....

*बैंकों में पारदर्शिता लाना बहुत जरूरी है और टेक्नोलॉजी के अलावा और कोई तरीका नहीं पारदर्शिता लाने का। बाकी बैंक जितने कार्मिशल बैंक है, प्राइवेट बैंक है उन्होंने टेक्नोलॉजी को अपना के काफी हद तक सिस्टम ठीक कर लिये। वहीं सुविधाये हमको वहीं सिस्टम आपके कोआपरेटिव बैंक में लाने होंगे इसके लिये हम काम कर रहे है।*

————————

केन्द्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा आज गौतमबुद्धनगर में आयोजित द्वितीय इंडिया इंटरनेशनल सॉफ्ट टनिस चैम्पियनशिप के समापन समारोह में शामिल हुए। इस चैम्पियनशिप में 14 देशों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में बालक वर्ग में भारत की टीम ने स्वर्ण पदक

जीता है वहीं नेपाल ने रजत और श्रीलंका ने कांस्य पदक हासिल किया है। बालिका वर्ग में नेपाल ने कांस्य पदक, कम्बोडिया ने रजत पदक और जापान की टीम ने स्वर्ण पदक जीत।

——————

सरकार ने मुजफ्फरनगर से बांग्लादेश को 30 मीट्रिक टन जीआई—टैग वाला गुड़ निर्यात किया है। यह किसान उत्पादक संगठनों—एफपीओ और किसान उत्पादक कंपनियों—एफपीसी के माध्यम से पश्चिमी उत्तर प्रदेश से बांग्लादेश को गुड़ के सीधे निर्यात की एक पहल है। इस निर्यात को कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण द्वारा सुगम बनाया गया है।

——————

चैत माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि पर आज श्रद्धालु माता शीतला की आराधना कर रहे है। बाबा विश्वनाथ की नगरी वाराणसी में प्राचीन दशाश्वमेध घाट स्थित बड़ी शीतला माता मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन पूजन के लिए जुटी रही। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर माता रानी के जयकारों और घंटियों की आवाज से गुंजायमान रहा। दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की कतार लगी रहीं।श्रद्धालु महिलों ने घरों में भी शीतला अष्टमी के अवसर पर घरों में शीतला माता की आराधना की। शीतला अष्टमी के दिन मां शीतला को बासी भोजन

का भोग लगाने का विधान है। यह भोग सप्तमी तिथि की शाम को बनाया जाता है।

—————————

इंडियन प्रीमियर लीग क्रिकेट का 18वां संस्करण आज से शुरू हो रहा है। कोलकाता में आज आरंभिक मैच में मौजूदा चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा। टूर्नामेंट में 10 टीम 74 मैच खेलेंगी। प्रतियोगिता का फाइनल 25 मई को होगा।

—————————

प्रदेश में आज कई स्थानों पर रूक–रूक कर बारिश होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। राजधानी लखनऊ में दोपहर बाद तेज आंधी के साथ बारिश हुई। वहीं अयोध्या मैनपुरी, हमीरपुर और फर्रूखाबाद जनपदों में तेज हवा के साथ बारिश हुई। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया........

*वेस्टर्न डिस्टबेंस और साथ ही मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के बीच विंड डिसकनेक्टिंग लाइन है जिसको हम टफ लाइन बोलते है, जिसकी वजह से वेस्टन यूपी में कुछ जगह ठंडर स्ट्रार्म डेवलप हुआ है। ठंडर स्ट्रार्म मिन्स छोटे–छोटे टफ सिस्टम हुए है। जिसकी जगह से कई जगह बारिश और बूंदा बांदी हुई है गरज चमक के साथ। राजधानी लखनऊ में भी इसका असर देखा गया। तेज हवाओं का चलन रहा। यह सिलसिला आज भी प्रदेश में रहेगा। यह सिलसिला वेस्ट यूपी से होते हुए दीप सेंट्रल यूपी से होते हुए धीरे–धीरे ईस्टन की ओर मूव हो जायेगा। कल से मौसम पूरी तरह से साफ रहेगा और इसके बाद तापमान में बढ़ोत्तरी होगी।*

(समाप्त)